तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **श्रवणराम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार, लोहावट)** सू.अ.अ. अपील संख्या : 96/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24.05.2022	अपीलार्थी श्रवणराम पुत्र बलवन्ताराम विश्नोई निवासी भीमसागर, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर (राज.) ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 26.02.2022 में उसके द्वारा (1) तहसील कार्यालय परिसर लोहावट की भूमि पर अतिक्रमण किया जा सकता है, अगर हां तो उस आदेश की प्रति जिसके अनुसार अतिक्रमण किया जा सकता है (2) तहसील कार्यालय परिसर लोहावट की भूमि पर लगभग 15 लोहे के केबिन टिनशेड व लोहे के कन्टेनर रख कर अतिक्रमण किया गया है आप के द्वारा उक्त अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस कब दिए गए, अगर नहीं दिये गये तो उसका कारण (3) अन्य बिन्दूओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लोहावट) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लोहावट) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लोहावट) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लोहावट) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना से 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 17:55:43 IST
Reason: SelfAttested